मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

क्रमांक एफ. ई. 5/6/1981/1/5 भोपाल, दिनांक 3 नवम्बर, 1981

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
मध्यप्रदेश भोपाल.

विषय.—विभागीय जांच आयुक्त, मध्यप्रदेश राज्य सतर्कता आयोग को प्रथम श्रेणी अधिकारियों से संबंधित विभागीय जांच के प्रकरणों में जांचकर्ता प्राधिकारी नियुक्त किया जाना.

मध्यप्रदेश राज्य सतर्कता आयोग से प्राप्त प्रस्ताव का परीक्षण करने के उपरान्त शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य में प्रथम श्रेणी अधिकारियों के खिलाफ आदेशित समस्त विभागीय जांचों में, केवल ऐसे प्रकरणों को छोड़कर जिनमें जानकारी अधिकारी विभागीय जांच आयुक्त से ज्येष्ठता में वरिष्ठ हो, शेष अन्य प्रकरणों में विभागीय जांच आयुक्त, मध्यप्रदेश, राज्य सतर्कता आयोग को जांचकर्ता प्राधिकारी नियुक्त किया जावे.

2. प्रथम श्रेणी अधिकारियों से संबंधित विभागीय जांच के ऐसे प्रकरण जिनमें जांचकर्ता प्राधिकारी की नियुक्ति पूर्व में की जा चुकी है, उन्हें विभागीय जांच आयुक्त को हस्तांतरित न किया जाये.

हस्ता./-
(ताजवर रहमान)
उपसचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.